

## चौक बाजार में डोल ग्यारस पर हुआ विशेष आयोजन

**नप्र, भोपाल :** राजधानी के चौक बाजार में डोल ग्यारस के उपलक्ष्य में धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर हवन में आहुतियां दीं। आयोजन स्थल को फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया था। भगवान गणेश की प्रतिमा को मोदक का भोग लगाया गया। विशेष पूजा की गई और श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। हवन के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजन में प्रसाद भी वितरित किया गया।




राजधानी में गणेश प्रतिमा विसर्जन की तैयारियां नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर की जा रही हैं।

## शिक्षा में बेहतर परिणाम के लिए आंकड़ों का प्रभावी उपयोग जरूरीः डॉ. गोयल

**नप्र, भोपाल :** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शैक्षणिक प्रगति के आकलन और जिलों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में यूडाईस प्लस और पीजीआई इंडेक्स पर तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। 23 सितंबर तक चलने वाली कार्यशाला में यूडाईस प्लस के आंकड़ों के प्रभावी उपयोग, पीजीआई इंडेक्स के विभिन्न आयामों और जिलों की प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर चर्चा की जा रही है। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल ने कहा कि बेहतर योजना निर्माण, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और निरंतर सुधार के लिए विश्वसनीय आंकड़ों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों से आंकड़ों को केवल रिपोर्टिंग तक सीमित न रखते हुए विद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने और सुधार की दिशा तय करने में उपयोग करने का आह्वान किया। भारत सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के उप महानिदेशक डॉ. पंकज केपी श्रेयस्कर ने यूडाईस प्लस एवं पीजीआई से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रस्तुतीकरण दिया। यूनिसेफ के शिक्षा विशेषज्ञ गणेश निगम ने पीजीआई की संरचना, उद्देश्य और उपयोग की जानकारी दी।

### मध्यप्रदेश भवन विकास निगम लिमिटेड के संचालक मंडल की पांचवीं बैठक

# जन-मन सभागार का निर्माण कार्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले पूरा करें: डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास में तैयार किए जा रहे जन-मन सभागार का निर्माण कार्य जनवरी 2027 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि समाज से सीधे संवाद के लिए यह सभागार महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगा।

मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम लिमिटेड के संचालक मंडल की पांचवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निगम की आय बढ़ाने के लिए रेवेन्यू जनरेटिंग बॉडी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवीन और वैकल्पिक राजस्व स्रोतों का विकास जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भवन विकास निगम द्वारा कराए जा रहे बड़े भवनों के निर्माण कार्य तय समय सीमा से पहले पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि नए मेडिकल कॉलेजों की इमारतें और अन्य अधोसंरचनाएं केंद्र सरकार के वायबिलिटी गैप फंडिंग मानकों के आधार पर तैयार की जाएं। बैठक में मुख्यमंत्री ने निगम के दो प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी दी। इसमें 25 करोड़ रुपये तक की प्राक्कलित अनुबंध राशि वाली निविदाओं की स्वीकृति और



निरस्तीकरण के लिए प्रबंध संचालक को अधिकृत करने का प्रस्ताव शामिल है। साथ ही महाप्रबंधक (तकनीकी) संवर्ग में महाप्रबंधक (निविदा) और महाप्रबंधक (रीडेंसिफिकेशन) के दो नए पद सृजित करने को भी मंजूरी दी गई।

बैठक में बताया गया कि भवन विकास निगम को 763 परियोजनाएं आवंटित हैं, जिनकी कुल लागत 10 हजार 994 करोड़ रुपये है। निगम द्वारा उज्जैन, सिंगरौली, मंडला, रीवा और बुधनी में मेडिकल कॉलेजों का निर्माण किया जा रहा है।

### सड़कें क्षेत्र के विकास और समृद्धि का आधार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़कें क्षेत्र के विकास और समृद्धि का आधार होती हैं। सड़कें अपने साथ क्षेत्र की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं। गणेश उत्सव और सेवा संकल्प अभियान के अवसर पर हाटपिपल्या क्षेत्र को विकास की बड़ी सौगात मिली है। करीब 98 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 32 किलोमीटर लंबे राजौदा-केलोद-डबल चौकी मार्ग का सोमवार को भूमि-पूजन किया गया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास से देवास जिले के हाटपिपल्या विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केलोद में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। यह मार्ग राजौदा से शुरू होकर केलोद होते हुए ग्राम डबल चौकी में इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेगा। इससे हाटपिपल्या को देवास, इंदौर और बैतूल से बेहतर संपर्क मिलेगा। क्षेत्र के करीब 25 गांवों के 70 हजार ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। देवास जिला मुख्यालय आने-जाने में करीब 40 से 45 किलोमीटर की दूरी कम होगी। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के लिए सुखलिया से टिगरिया मार्ग निर्माण की भी घोषणा की।

## शत्रु संपत्ति की जांच तेज, कोहेफिजा के रहवासियों को नोटिस भेजे

- खसरा नंबर 42 की जांच से बढ़ी चिंता
- 24 सितंबर को दस्तावेज और साक्ष्य के साथ बुलाया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** भोपाल रियासत के अंतिम नवाब हमीदुल्लाह खान और उनकी दूसरी पत्नी आफताब जहां बेगम से जुड़ी संपत्तियों का शत्रु संपत्ति विवाद अब वर्तमान भू-स्वामियों और रहवासियों तक पहुंच गया है। न्यायालय सहायक अभिरक्षक शत्रु संपत्ति एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), संत हिरदाराम नगर ने कोहेफिजा क्षेत्र में कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करना शुरू किया है।

एक नोटिस में ग्राम कोहेफिजा के खसरा क्रमांक 42/10, रकबा 0.0320 हेक्टेयर से संबंधित व्यक्ति को 24 सितंबर को उपस्थित होकर दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। नोटिस के अनुसार अमिताभ अग्निहोत्री की शिकायत पर जांच की गई। इसमें रियाज मंजिल को भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के अनुसार शत्रु संपत्ति घोषित किए जाने का उल्लेख है। खसरे के कॉलम 12 में शत्रु संपत्ति जांच की प्रविष्टि और एनिमी प्रॉपर्टी एक्ट, 1968 की धारा 12 का भी हवाला दिया गया है।

रियाज मंजिल का संबंध नवाब हमीदुल्लाह खान की दूसरी पत्नी आफताब जहां बेगम से बताया जाता है। जून 2026 में भोपाल कलेक्टर ने बैरागढ़ सहित विभिन्न एसडीएम को शत्रु संपत्तियों की जांच के निर्देश दिए थे। जांच में रियाज मंजिल, मेपल हाउस, नानी की हवेली सहित नवाब परिवार से संबंधित अन्य संपत्तियां शामिल होने की जानकारी सामने आई थी। वर्तमान भू-स्वामियों के लिए यह देखना महत्वपूर्ण है कि उनका खसरा 29 अप्रैल 2024 के अभिरक्षक आदेश में शामिल है या उसकी जांच चल रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की शुभकामनाएं दीं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि प्राचीन काल से भारत ने विश्व शांति के संदेश के साथ विश्व बंधुत्व, मानव कल्याण और परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयास किए हैं। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस समानता, सहयोग और सद्भावना से विश्व शांति में सभी को सहभागी बनने के लिए प्रेरित करता है।

## कलचुरी समाज का महासंगम, शिक्षा-संगठन पर जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ का महासंगम पिपरिया के एमएनआर रिसोर्ट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और समाज की बेहतरी, शिक्षा एवं संगठन को लेकर विचार रखे।

कार्यक्रम के आयोजक एवं सूत्रधार राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के उपाध्यक्ष राकेश कटकवार 'डिग्गू भैया' रहे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राकेश राय ने की, जबकि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती अर्चना जायसवाल रहीं। भगवान सहस्त्रबाहु जी के चित्र पर पूजन और आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

मुख्य अतिथि श्रीमती अर्चना जायसवाल ने आह्वान किया कि मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले का संगठन समाज के कमजोर आर्थिक परिस्थिति वाले एक विद्यार्थी की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाए। उन्होंने बताया कि पिपरिया के कलचुरी भवन में राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के



सहयोग से भगवान सहस्त्रबाहु जी की प्रतिमा प्रदान कर स्थापित की जाएगी। कार्यक्रम में समाज की कुरीतियों को दूर करने और सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। वर्ष 2027 में दिल्ली में आयोजित होने वाले कलचुरी समाज के विशाल महासंगम की रूपरेखा पर विचार किया गया। इस अवसर पर पिपरिया समाज के 75 वर्ष से अधिक आयु के करीब 30 वरिष्ठ महिला-पुरुषों का सम्मान किया गया। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन किशोर राय और प्रदीप राय ने किया।



राजधानी के तुलसी नगर स्थित पीएमश्री शासकीय नवीन कन्या विद्यालय में विधायक भगवानदास सबनानी ने 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा' राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया।

## नारी शक्ति गौरव सम्मान 27 को

**नप्र, भोपाल :** संयुक्त मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की ओर से 'नारी शक्ति गौरव सम्मान 2026' समारोह का आयोजन 27 सितंबर को किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक होटल पर्पल ऑर्किड, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल में होगा। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इनमें शिक्षा, सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, व्यवसाय, कला-संस्कृति, कानून एवं मानवाधिकार सहित अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाएं शामिल होंगी। आयोजकों के अनुसार, 'नारी शक्ति गौरव सम्मान 2026' इसी सामाजिक प्रतिबद्धता की एक कड़ी है। इसके माध्यम से समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को पहचान और सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## सेवा संकल्प अभियान से समाज के हर वर्ग को जोड़ें: जामवाल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत भोपाल संभाग की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अभियान से समाज के हर वर्ग को जोड़कर सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत किया जाए। अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीया' और 'नमो चित्र सेवा' सहित दो प्रमुख कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा संकल्प यात्रा को अपने-अपने क्षेत्रों में सफल बनाने के लिए जुटने का आह्वान किया।

अभियान के कार्यक्रम केवल संगठन तक सीमित न रहें, बल्कि समाज के नए लोगों को भी इनसे जोड़ा जाए। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद बनाए रखने और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करने की जरूरत है। जामवाल ने कहा कि सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार संगठन की कार्यशैली के केंद्र में हैं। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेशभर में सेवा, जनभागीदारी, रचनात्मकता और नवाचार से जुड़े कार्यक्रमों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री करण सिंह वर्मा, विश्वास सारंग, गौतम टेटवाल सहित पार्टी के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कवि सोनपुरे को 'अजनबी' साहित्य सम्मान

### अखिल भारतीय साहित्यिक अधिवेशन एवं कवि सम्मेलन में मिला सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मध्य प्रदेश साहित्य साधना मंच, राष्ट्रीय कलचुरि कवि परिषद एवं जन परिषद सीहोर के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय सीहोर में अखिल भारतीय साहित्यिक अधिवेशन, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें करीब 15 राज्यों से साहित्यकार, शिक्षाविद और कवि शामिल हुए।

कार्यक्रम में साहित्यिक एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में भोपाल के कवि सुरेश सोनपुरे 'अजनबी' को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में साझा काव्य संकलन 'हौसलों की उड़ान' का विमोचन भी किया गया। विभिन्न प्रांतों से आए कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश श्रीवास्तव और विजयेन्द्र जायसवाल ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।


## बुजुर्गों के लिए सजा 'लव यू जिंदगी', डॉक्टरों के बैंड ने सुनाए सदाबहार गीत

- अल्जाइमर और डिमेंशिया जागरूकता कार्यक्रम में बुजुर्गों, परिजनों और केयरगिवर्स ने लिया हिस्सा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** होशंगाबाद रोड स्थित होटल बैस्टियन में रविवार को अल्जाइमर और डिमेंशिया से प्रभावित बुजुर्गों और उनके परिवारों के लिए 'लव यू जिंदगी' कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'अंजलि' (एन एसोसिएशन ऑफ साइकोलॉजिस्ट) और 'लव यू जिंदगी' संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ वृद्धावस्था और डिमेंशिया को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। इसमें वरिष्ठ नागरिकों के साथ उनके परिजन, केयरगिवर्स और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राधारमण इंस्टीट्यूट के संजीव सक्सेना, विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट वाइस एडमिरल विमल वर्मा और जनरल श्याम सुंदर श्रीवास्तव मौजूद रहे। अतिथियों ने बुजुर्गों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत बताई। इस दौरान राधारमण इंस्टीट्यूट के संस्थापक स्वर्गीय राधारमण सक्सेना के शिक्षा और समाजसेवा में योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े डॉक्टरों के म्यूजिकल बैंड 'मेड बीट्स' की प्रस्तुति रही। बैंड ने वरिष्ठ नागरिकों की पसंद के पुराने और सदाबहार गीत सुनाए। परिचित धुनों पर कई बुजुर्ग पुराने दिनों की यादों में खो गए और गीतों के साथ गुनगुनाने लगे। कुछ बुजुर्गों ने संगीत के साथ हल्की शारीरिक गतिविधियां और नृत्य भी किया।

आयोजकों के अनुसार, डिमेंशिया और अल्जाइमर से प्रभावित लोगों के लिए परिचित संगीत पुरानी यादों को सक्रिय करने और सामाजिक जुड़ाव बढ़ाने में मददगार हो सकता है। संस्था की संस्थापक डॉ. अंजलि सहाय ने कहा कि बुजुर्गों और उनके परिवारों को सकारात्मक वातावरण देने के साथ केयरगिवर्स को भी भावनात्मक सहयोग की जरूरत है।


EduBridge is hiring!! EduBridge

Vocational Trainers for Govt. School in Madhya Pradesh for job role Micro Fin. Executive & Business Correspondent & Business Facilitator in BFSI Sector and Domestic Data Entry Operator & Web Developer in IT-ITeS Sector for Madhya Pradesh Govt. School Project under NSQF Program.

Sector - BFSI & IT-ITeS

Waiting List or if any new School Allotted

Location : Allotted All District of Madhya Pradesh

• Qualification: BFSI - Post-graduation in commerce/management/finance from a recognied institute/university with at least 1 year work experience

IT/ITeS: B.E./B.Tech in CS/IT or MCA or MSc.CS/IT or NIELIT "B" Level Certificate. The candidate should have a minimum of 1 year of work experience in the same job role.

Min.Competencies: The candidate should have a minimum of 1 year work exp. in the same job role, She/He should be able to Effective communication skills (oral and written), Basic computing skills, Technical competencies communicate in English and local language, She/He should have knowledge of equipment, tools, material, Safety, Health & Hygiene

Age Limit - 18-37 years as on 01-01-2026 (Age relaxation will be given if prior worked as VT in Samagra Shiksha Abhiyan Govt. of MP)

Any Query please E-Mail on : schools@edubridgeindia.com Or call 9343172533

Fill the application https://forms.gle/EtipHWr2W4zDdAbN8

Last date for application submission: 29th Sep, 2026 | Examination Location: Bhopal

www.edubridgeindia.com/schools

"All the candidates are informed that under Vocational Education, do not indulge in any unfair practices or manipulations for selections as Vocational Trainer. Do not fall prey to any person who asks for money to get you a job. This is completely illegal and unacceptable. The process will be conducted with transparency and fairness. Please trust yourself and avoid any fraud or wrong information. If you come across any such person or activity, please inform immediately. Your success depends only on your hard work and ability"